प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 21.07.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के मानसून सत्र को बताया देश की सामूहिक उपलब्धियों का सच्चा उत्सव : कहा– ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरे विश्व ने देखी भारत की सैन्य शक्ति।
2. राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज लखनऊ में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 14 महिला उद्यमियों को किया सम्मानित : कहा– महिलाओं के नेतृत्व में उद्यमिता के क्षेत्र में हो रहे हैं सकारात्मक परिवर्तन।
3. सावन के दूसरे सोमवार पर आज प्रदेशभर के शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड : विभिन्न जनपदों में कांवड़ यात्रियों पर की गई हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा। और
4. प्रदेश में रुक रुक कर हो रही बारिश से कई नदियां उफान पर : बलिया में गंगा का जलस्तर पहुंचा खतरे के निशान के ऊपर।

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि इस बार संसद का मॉनसून सत्र राष्ट्र गौरव का सत्र है। आज संसद सत्र शुरू होने से पहले एक प्रेसवार्ता में श्री मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के एक्सिओम मिशन का ज़िक्र करते हुए कहा कि पहली बार अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर

तिरंगा लहराना हर देशवासी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष की इस सफल यात्रा ने देश में विज्ञान और तकनीकी के प्रति उत्साह भर दिया है। बाइट....

*सत्र राष्ट्र गौरव और विजयोत्सव का सत्र है तोसबसे पहले तो मैं पहली बार इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर भारत का तिरंगा झंडा वहाँ लहराना ये हर देशवासी के लिए गौरव के पल है। देश में साइंस टेक्नोलॉजी के प्रति इनोवेशन के प्रति नया उमंग और उत्साह भरने वाली ये सफल यात्रा रही है।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरी दुनिया ने भारत की सैन्य शक्ति और सामर्थ्य का रूप देखा है। श्री मोदी ने देश की सुरक्षा के लिए एकजुट हुए सभी राजनीतिक दलों और सांसदों की सराहना करते हुए कहा कि यह सत्र हमारी सामूहिक उपलब्धियों का सच्चा उत्सव है।

*पहलगाम की क्रूर हत्या, अत्याचार, नरसंहार पूरी दुनिया चौक उठी थी। आतंकवादी और आतंकवादी के आके दुनिया का ध्यान उनकी तरफ केन्द्रित हुआ और उस समय दलहित छोड़ करके देशहित में हमारे ज्यादातर दलों के प्रतिनिधि, ज्यादातरराज्यों के प्रतिनिधि ने विश्व भ्रमण किया। दुनिया के अनेक देशों में गए और एकस्वर से दुनिया के सामने आतंकवादियों का आका पाकिस्तान को बेनकाब करने का एक बहुत सफल अभियान चलाया।*

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में एक उच्चस्तरीय बैठक में विभाजन के बाद पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए परिवारों को भूस्वामित्व अधिकार देने की दिशा में ठास कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल भूमि के हस्तांतरण का मामला नहीं है,

बल्कि उन हजारों परिवारों के जीवन संघर्ष को सम्मान देने का अवसर है, जिन्होंने देश की सीमाओं के उस पार से भारत में शरण ली और दशकों से पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहे हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*बैठक में मौजूद अधिकारियों ने बताया कि विभाजन के बाद वर्ष 1960 से 1975 के बीच पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए परिवारों को पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बिजनौर और रामपुर में पुनर्वासित किया गया था। प्रारंभिक वर्षों में इन परिवारों को ट्रांजिट कैंपों के माध्यम से विभिन्न गांवों में बसाया गया और भूमि आवंटन भी किया गया, लेकिन कानूनी और अभिलेखीय विसंगतियों के चलते इन्हें आज तक भूमि पर वैध अधिकार प्राप्त नहीं हो सका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन मामलों में पूर्व में भूमि का आवंटन गर्वनमेंट ग्रांट एक्ट के तहत हुआ था, उन्हें ध्यान में रखते हुए वर्तमान विधिक ढांचे में नए विकल्प तलाशे जाएं। उन्होंने कहा कि इसे केवल पुनर्वास नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, मानवता और राष्ट्रीय जिम्मेदारी के रूप में देखना चाहिए। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

——————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज लखनऊ में इंडो–अमेरिकन चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित ब्रेकिंग बैरियर्स– वीमेन इन लीडरशिप एंड एंटर प्रेन्योरशिप विषय पर आयोजित कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 14 महिला उद्यमियों को सम्मानित भी किया। राज्यपाल ने महिला नेतृत्व और उद्यमिता के क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं।

साथ ही दूसरों को भी रोजगार प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएँ आज सभी बाधाओं को पार कर आगे बढ़ रही हैं, केवल उन्हें जागरूक करने और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचान की आवश्यकता है।

——————————

प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेल अधिकारियों के 100 से अधिक रिक्त पद भरे जाएंगे। खेल निदेशक आर.पी सिंह ने बताया कि प्रदेश में करीब 85 सरकारी स्टेडियम हैं। इनमें से कई जगहों पर स्थाई खेल प्रशिक्षकों के पद खाली हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को खेल अधिकारी, सहायक खेल अधिकारी और उप खेल अधिकारी पद पर भर्ती के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। आयोग की मंजूरी मिलते ही आवेदन के लिए विज्ञापन जारी कर दिया जाएगा। हालिया प्रस्ताव के अंतर्गत 16 क्रीड़ाधिकारी और 84 उपक्रीड़ाधिकारी और सहायक खेल अधिकारियों के पदों पर नियुक्ति की जाएगी।

——————————

उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनित 5 हजार 500 प्रशिक्षु सिपाहियों की कल से मुरादाबाद में ट्रेनिंग शुरू होगी। इनमें 23वीं वाहिनी पीएसी, 24वीं वाहिनी पीएसी, 9वीं

वाहिनी पीएसी आदि के प्रशिक्षु शामिल हैं। मुरादाबाद पुलिस लाइन में बीते दिनों 514 प्रशिक्षु सिपाहियों को एक माह का प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने आज इन प्रशिक्षु आरक्षियों के साथ बैठक की। इस दौरान उनसे एक माह तक चली ट्रेनिंग के बारे में फीड बैक लिया गया।

———————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

सावन के दूसरे सोमवार पर आज प्रदेशभर के शिवालयों में बाबा भोले का जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। भगवान शिव की नगरी काशी में दूर–दराज़ से भारी संख्या में कांवड़िए बाबा विश्वनाथ के जलाभिषेक के लिए पहुंच रहे हैं। सावन माह के दूसरे सोमवार पर महादेव का गौरी–शंकर स्वरूप में विशेष श्रृंगार किया गया है। भक्तों की भारी भीड़ के

मद्देनज़र सुरक्षा के खास इंतज़ाम किए गए हैं। वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि गंगा में सुरक्षा और बचाव के लिए जल पुलिस और एनडीआरएफ की कई टीमें तैनात हैं।

उधर, अयोध्या में भी बड़ी संख्या में कांवड़ यात्री और श्रद्धालु नागेश्वर नाथ मंदिर में दर्शन पूजन कर रहे हैं। प्रयागराज के ब्रम्हेश्वर महादेव मंदिर के पास स्थित दशाश्वमेध घाट से जल भरकर कावड़ियों के जत्थे बम–बम भोलेनाथ के जयघोष के साथ अपने–अपने गन्तव्य को रवाना हो रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर प्रयागराज–वाराणसी मार्ग की बाईं लेन पर बड़े वाहनों का आवागमन पूरी तरह रोक दिया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आज वाराणसी, बुलंदशहर, शाहजहांपुर, गाज़ियाबाद समेत विभिन्न ज़िलों में कांवड़ यात्रियों पर पुष्प वर्षा की गई।

बाराबंकी स्थित लोधेश्वर महादेव के प्रसिद्ध शिव मंदिर में भी आज श्रद्धालुओं का भारी भीड़ उमड़ रही है। भक्तों की सुविधा के लिए प्रशासन की ओर से विशेष इंतज़ाम किए गए हैं। पेश है एक रिपोर्ट....

*पवित्र सावन माह में लोधेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक का विशेष महत्व है। यहां जलाभिषेक करने के लिए कांवड़िए दूर दराज़ से पहुंचते हैं। सावन के सोमवार पर यहां दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त रात से ही कतारों में लगने शुरू हो गए थे। मंदिर प्रशासन ने पूजन और जलाभिषेक के लिए आधी रात से ही मंदिर के कपाट खोल दिए थे। भक्ति में डूबे श्रद्धालु बम बम भोले के जयकारे*

*लगाते हुए दर्शन और जलाभिषेक कर रहे हैं जिससे पूरा मंदिर परिसर शिव मय बना हुआ है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए मंदिर परिसर में पुख्ता इंतजाम किए गये हैं। परवेज़ अहमद सिद्दीकी, आकाशवाणी समाचार, बाराबंकी।*

———————————

प्रदेश में रुक रुक कर हो रही बारिश से कई नदियां उफान पर हैं। बलिया में गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं गाजीपुर में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान के पास पहुंच गया है। इटावा में यमुना और चंबल क बढ़ते जलस्तर को लेकर इटावा जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी अवनीश दुबे ने बताया कि प्रशासन सतर्क है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों को अलर्ट कर दिया गया है।

बाइट......

*हमने आपसी डिपार्टमेंटल कोआर्डिनेशन करके जो वल्नरेबल कमेटी है। गर्भवती महिलाएं, छोटे बच्चे गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीज उनकी सूची हमारे पास प्राप्त है। यदि कोई भी ऐसी स्थिति बनती है तो तुरंत हम आगे कोआर्डिनेशन के साथ उनको वेट करेंगे और सुरक्षित स्थान पर हमारी एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की जो नजदीकी यूनिट है उनके साथ भी हमारा कॉर्डिनेशन है। यदि कोई ऐसी स्थिति हो जाती है तो तुरंत तत्काल रिस्पांस करेगी।*

मौसम विज्ञान विभाग ने अगले दो दिनों तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और बारिश की संभावना जताई है।

(समाप्त)